दैनिक जागरण 16/09/2024

हिंदी काव्य रत्न उपाधि से सम्मानित हुए डा. अनीश कुमार

जागरण संवाददाता, अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के हिंदी विभाग के प्रोफेसर डा. अनीश कुमार को हिंदी काव्य रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान नेपाल की लुंबिनी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हिंदी दिवस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 2024 में शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा भाषा तथा साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए दिया गया। इस प्रतियोगिता में नेपाल, भारत, अमेरिका कनाडा तथा तंजानिया से पुरुष एवं महिला रचनाकारों ने भागीदारी की। इस में से 675 रचनाओं को चुना गया। कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि यह कालेज के लिए बड़े ही गौरव और गर्व का क्षण है कि प्रोफेसर डा. अनीश कुमार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि मिली है। उन्होंने हिंदी दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण हिंदी विभाग को बधाई दी।



डा. अनीश कुमार